# Prospectus विवरणिका

# 2021—22



# प्राचार्य की कलम से............



प्रिय विद्यार्थियों,

नवीन शैक्षणिक सत्र 2021–22 में वाग्देवी सरस्वती के इस प्रांगण में आपका हार्दिक स्वागत है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप महाविद्यालय में एकाग्रता के साथ अध्ययन करके एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं में सक्रिय सहभागिता के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करेंगें। परिश्रमी,विनम्र,अनुशासित और कौशल सम्पन्न विद्यार्थी महाविद्यालय के गौरव में तो अभिवृद्धि करते ही हैं ,साथ ही दूसरों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। मैं अपेक्षा करता हूँ कि आप अपनी शक्तियों का रचनात्मक उपयोग करते हुए सह–शैक्षणिक गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग लेंगें।

आपकी अध्ययनशीलता,अनुशासनप्रियता,सतत् प्रयत्नशीलता,ज्ञान पिपासा,एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण निश्चय ही महाविद्यालय को शैक्षणिक ऊँचाइयों की ओर ले जाएगा। मेरी शुभकामना है कि आप महाविद्यालय के अनुभवी व विद्वान शिक्षकों के ज्ञान व विद्वता का लाभ उठाकर,नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर ज्ञान अर्जित कर,अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

शुभकामनाओं सहित

**डॉ. मदन सिंह**

**प्राचार्य**

**राजकीय महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़,सीकर**

# अनुक्रमणिका

1.परिचय– महाविद्यालय
2.महाविद्यालय परिवार
3.संचालित पाठ्यक्रम
4. प्रवेश नीति : सत्र 2021–22
5. समितियां
6. छात्रवृत्तियां
7.अनुशासन संबंधी नियमावली
8.महाविद्यालय विकास समिति
9.सह–शैक्षणिक गतिविधियां

## महाविद्यालय का परिचयः—

शेखावाटी अंचल में सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ उपखण्ड में अवस्थित इस सहशिक्षा राजकीय महाविद्यालय की स्थापना सत्र 2019—20 में हुई है। वर्तमान में यह महाविद्यालय श्री रघुनाथ सीनियर सैकण्डरी स्कूल के भवन (पश्चिमी विंग) में, कला संकाय में सुचारू रूप से संचालित है। यह महाविद्यालय सीकर जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर, नवलगढ़ से 22 किलोमीटर, फतेहपुर से 25 किलोमीटर व सालासर से 32 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है एवं इन सभी स्थानों से सड़क मार्ग से जुड़ा है। महाविद्यालय रोडवेज बस डिपो से 3 किलोमीटर एवं रेलवे स्टेशन से 1 किलोमीटर की दूरी पर है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय सीकर से सम्बद्धता प्राप्त इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर अध्ययन हेतु कला संकाय में सात विषय उपलब्ध है। महाविद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ—साथ विभिन्न पाठ्य सहगामी गतिविधियां भी आयोजित होती रहती है।

# महाविद्यालय परिवार

राजकीय महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़, सीकर में पूर्णतया राज्य सरकार से वित्त पोषित प्राचार्य, सह–आचार्य, सहायक आचार्य एवं गैर शैक्षणिक पद स्वीकृत है। वर्तमान में महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय निम्नानुसार है–

## महाविद्यालय परिवार

प्राचार्य–डा. मदन सिंह

मो.न.–9414772878

## संकाय

| क्रं सं. | सह/सहायक आचार्य | विषय | मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री पवन भंवरियां | इतिहास | 8890955279 |
| 2. | श्री श्रवण कुमार खींचड | इतिहास | 9166432150 |
| 3. | श्री रामकुमार सिंह | अंग्रेजी | 9414874617 |
| 4. | डॉ. हेमन्त कुमार | हिन्दी | 9414483959 |
| 5. | श्री जगदीश प्रसाद | हिन्दी | 9667633520 |
| 6. | श्री कमल महला | समाजशास्त्र | 9667125777 |
| 7. | श्री राकेश कुमार | राजनीति विज्ञान | 8769462476 |

# गैर–शैक्षणिक अधिकारी/कर्मचारी

| क्र सं. | नाम | पदनाम | मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रमाकान्त मिश्रा | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–1 | 9460558934 |
| 2. | श्री राकेश कुमार दीक्षित | अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी | 9414664399 |
| 3. | श्री राहुल सैनी | कनिष्ठ सहायक | 7976806819 |
| 4. | श्रीमती रश्मि चौधरी | कनिष्ठ सहायक | |

## संचालित पाठ्यक्रम- कला संकाय स्नातक स्तर

अनिवार्य विषयः–

1.हिन्दी 2. अंग्रेजी 3. पर्यावरण अध्ययन 4. कम्प्यूटर शिक्षा

वैकल्पिक विषयः–

1. हिन्दी साहित्य 2. अंग्रेजी साहित्य 3. उर्दू साहित्य 4. समाजशास्त्र 5. इतिहास 6. राजनीति विज्ञान 7. भूगोल

विषय संयोजन व्यवस्था–

1.हिन्दी साहित्य ,उर्दू साहित्य एवं अंग्रेजी साहित्य में से कोई एक

2.राजनीति विज्ञान एवं भूगोल में से कोई एक

3.समाजशास्त्र एवं इतिहास में से कोई एक

नोट– विषय आवंटन मेरिट के अनुसार एवं उपलब्ध सीटों पर ही किया जायेगा। विषय परिवर्तन की निर्धारित अंतिम तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन अस्वीकार्य होंगें। विषय परिवर्तन पर अंतिम निर्णय महाविद्यालय द्वारा लिया जायेगा।

## सह–शैक्षणिक गतिविधियां –

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राजकीय महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़ में राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई स्वीकृत है, जिसमें नियमित गतिविधियां, एक दिवसीय शिविर, विशिष्ट शिविर एवं विभागीय आदेशानुसार गतिविधियां संचालित की जाती है।

कार्यक्रम अधिकारी – श्री पवन भंवरियां ,सहायक आचार्य इतिहास

वर्ष 2021–22 हेतु प्रवेश नीति एवं समितियां–
नोडल अधिकारी–
नाम– श्री राकेश कुमार
मोबाइल न.–8769462476
महाविद्यालय हेल्प डेस्क– 01573–294077

प्रवेश कमेटी–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रामकुमार सिंह | 9414874617 | संकाय संयोजक |
| 2. | श्री कमल महला | 9667125777 | संकाय सह संयोजक |

उपसमितियां– बी.ए. भाग प्रथम वर्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रामकुमार सिंह | 9414874617 | संयोजक |
| 2. | श्री जगदीश प्रसाद | 966763352 | सदस्य |

बी.ए. भाग द्वितीय वर्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री कमल महला | 9667125777 | संयोजक |
| 2. | डॉ. हेमन्त कुमार | 9414483959 | सदस्य |

बी.ए. भाग तृतीय वर्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री पवन कुमार भंवरियां | 8890955279 | संयोजक |
| 2. | श्री श्रवण कुमार खीचड़ | 9166432150 | सदस्य |

# समितियां

विद्यार्थियों की सहायता एवं मार्गदर्शन हेतु महाविद्यालय में कार्यरत समितियां

1. एन्टीरैगिंग समिति
2. महिला प्रकोष्ठ
3. महिला लैंगिक उत्पीड़न एवम् शिकायत निवारण समिति
4. कैरियर गाइडेंस, एम्पलोयमेंट एवं प्लेसमेन्ट सेल
5. साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति
6. निशुल्क कोचिंग समिति

# छात्रवृत्तियाँ

राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित छात्र–छात्राओं को राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न छात्रवृत्तियाँ नियमानुसार प्रदान की जाती है। मुख्य रूप से छात्रवृत्तियाँ देय है–

1. मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति (60 प्रतिशत से अधिक अंक एवं नियमानुसार सभी वर्ग के छात्र–छात्राओं हेतु)
2. समाज कल्याण विभाग द्वारा देय छात्रवृत्ति (समाज कल्याण विभाग के नियमानुसार)
3. कालीबाई भील स्कूटी योजना (65 प्रतिशत से अधिक अंक एवं राज्य सरकार के नियमानुसार )
4. नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल द्वारा देय छात्रवृत्ति (भारत सरकार के नियमानुसार)
   विशेषः– उपरोक्त सभी छात्रवृत्तियों के आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतया ऑनलाईन है एवं पेपर लेस है। महाविद्यालय कार्यालय के द्वारा छात्रवृत्तियों के संबंध में सूचना पट्ट एवं वेब पेज पर सूचना प्रदान की जायेगी। सुचारू रूप से आवेदन करना तथा आक्षेप की स्थिति में आवेदन पत्र को पुनः सुव्यवस्थित करने की जिम्मेदारी छात्र/छात्रा की स्वयं की होगी। किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने हेतु विद्यार्थी स्वयं सम्बधित छात्रवृत्ति प्रभारी से महाविद्यालय समय सारणी अनुसार व्यक्तिशः मिलकर परामर्श प्राप्त कर सकता है। अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं होंगें।

# अनुशासन संबंधी नियमावली

1. राजकीय महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़, राजकीय नियमानुसार रेगिंग को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित व्यवहार की श्रेणी में रखता है तथा इस तरह की किसी भी गतिविधि में सम्मिलित विद्यार्थी पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
2. महाविद्यालय में अध्यापन के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग करना पूर्णतया वर्जित है।
3. महाविद्यालय परिसर में शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त मोबाइल फोन का प्रयोग अनुमत नहीं है।
4. महाविद्यालय में सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि उनकी पोशाक मर्यादा अनुकूल हो एवं स्वच्छता युक्त (साफ–सुथरी) हो।
5. महाविद्यालय के विद्यार्थी कोविड–19 संबंधी गाईड लाईन की पूर्णतया पालना करेंगें जिसमें मास्क पहनना एवं आवश्यक दूरी बनाते हुए रहना प्रमुख है।
6. महाविद्यालय के विद्यार्थी महाविद्यालय स्टाफ के साथ शिष्टतापूर्ण व्यवहार करेंगें तथा राजकीय काम–काज में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करेंगें।
7. महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य अनुमति प्राप्त किये बिना किसी प्रकार की संगोष्ठी, कार्यक्रम एवं प्रदर्शन आदि नहीं किया जा सकता है। कोविड–19 गाईड लाईन की पालना के तहत महाविद्यालय परिसर में किसी प्रकार के धरने, प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी।
8. गैर महाविद्यालयी विद्यार्थी या अन्य बाह्य व्यक्ति को महाविद्यालय परिसर में बिना अनुमति प्रवेश अनुमत नहीं है।
9. महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थी अपने परिचय पत्र को आवश्यक रूप से अपने साथ रखेंगें तथा महाविद्यालय स्टाफ द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करेंगें।
10. महाविद्यालय के विद्यार्थी महाविद्यालय के कार्यालय में स्वयं से संबंधित किसी भी आवश्यक दस्तावेज को प्राप्त करने के लिए स्वयं उपस्थित होंगें। विद्यार्थी से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई भी दस्तावेज परिवारजन या मित्रजन को नहीं दिया जा सकता है।
11. महाविद्यालय परिसर में तम्बाकू निर्मित उत्पाद का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। अन्य प्रकार के किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन पूर्णतया वर्जित रहेगा।
12. किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता में सलंग्न पाये जाने पर महाविद्यालय अनुशासन समिति की अनुशंसा उपरान्त आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

नोट– विभागीय आदेशानुसार प्रत्येक विद्यार्थी के लिये कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

# ऑनलाईन अध्यापन व्यवस्था

कोवड–19 महामारी के कारण विगत सत्रों से नियमित कक्षा–कक्ष अध्यापन बाधित रहा है, जिसकी क्षतिपूर्ति हेतु राज्य सरकार एवं महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन अध्यापन करवाने का कार्य सतत् रूप से जारी है। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा विषय अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु क्रमशः ज्ञानदूत एवं ज्ञानसुधा कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। महाविद्यालय संकाय सदस्यों द्वारा महाविद्यालय यूट्यूब चैनल govtcollegelaxmangarh पर अलग–अलग विषयों पर व्याख्यान विडियोज में नियमित रूप से अपलोड किये जाते है।

महाविद्यालय यूट्यूब चैनल का लिंक–

https://www.youtube.com/channel/UC-MOwNjazJbFB1s9DjaZZdg

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में विषयानुसार वाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से भी अध्ययन अध्यापन करवाया जाता है।